कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक:शिविरा–माध्य/संस्था/गोप्र/डी–।।–एफ/अचलसम्पति/2019 दिनांक: 6 /12/2019

ई-मेल

समस्त संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा माध्यमिक

विषयः–माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों को उनकी **SSO-ID** से लॉगिन कर राज–काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2020 तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने बाबत्।

प्रसंगः– कार्मिक विभाग का परिपत्र–क्रमांक प.13(76)कार्मिक/क–1/गो.प्र./2011 जयपुर दिनांक 31.12.18

उपर्युक्त विषय व प्रसंगानुसार लेख है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त संवर्गो के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपनी **SSO-ID** से लॉगिन कर राज–काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2020 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर उसकी हार्ड कॉपी अपने आहरण वितरण अधिकारी को जमा करवानी है। यदि किसी कार्मिक की अचल सम्पति की सूचना शून्य है तो भी शून्य की सूचना भी अपलोड करना अनिवार्य है। इसके अभाव में भावी वेतन वृद्धि तथा पदौन्नति देय नहीं होगी। उक्त कार्य को निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1. समस्त आहरण वितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी संवर्गो के राजपत्रित अधिकारियों (प्रतिनियुक्त तथा अवकाश पर चल रहे कार्मिकों सहित) को इस संबंध में लिखित में सूचित कर दिनांक 31.01.2020 तक अचल सम्पति का विवरण अपलोड करने हेतु पाबंद करे तथा विवरण की हार्ड कॉपी प्राप्त कर उसका विधिवत रिकार्ड संधारण करे।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ आहरण वितरण अधिकारियों को इस संबंध में तुरंत सूचित कर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाकर प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर मण्डल अधिकारी को भेजे।
3. समस्त मण्डल अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला कार्यालयों से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर इसे समेकित कर desacrsec@gmail.com ई–मेल पते पर प्रेषित करे।
4. दिनांक 01.02.2020 तक समस्त मण्डल कार्यालयों द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है कि उनके अधीनस्थ कार्यालयों के किसी भी राजपत्रित अधिकारी का अचल सम्पति विवरण अपलोड होना शेष नहीं है।

अचल सम्पति विवरण प्रगति रिपोर्ट दिनांक:– मण्डल:–..

क. सं.	जिले का नाम	कुल राजपत्रित कार्मिकों की संख्या	आज दिनांक तक अचल संपत्ति विवरण अपलोड करने वाले कार्मिकों की संख्या	शेष रहे कार्मिकों की संख्या
कुल				

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक:शिविरा–माध्य/संस्था/गो.प्र./डी–।।–एफ/अचल सम्पति/2019 दिनांक:

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव,शासन सचिव स्कूल एवं भाषा विभाग,जयपुर।
2. उप शासन सचिव, शिक्षा ग्रुप-2 राजस्थान [illegible]
3. समस्त अनुभाग अधिकारी कार्यालय हाजा।
4. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
5. अनुभाग अधिकारी, शाला [illegible] पत्र प्रेषित कर लेख है कि शाला दर्पण वेबसाईट पर पत्र अपलोड कर समस्त प्रधानाचा[illegible]पक को सूचित करें।
6. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

6/12